an>

Title: Need to declare Jaipur – Delhi stretch of Railway line into a Green Corridor.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर) ः देश भर में अनेक जगह रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण हुआ है। रेलवे ट्रैक पर ही लोग शौच, कचरा, मलबा डालते रहते हैं वहां पर हमेशा गंदा पानी भरा रहता है और मच्छर पैदा होते हैं, जिससे कि बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए रेलवे ट्रैक पर शौच व गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाए।

माननीय मंत्री जी ने हाल ही में दिनांक 24 जुलाई, 2016 को देश के पहले ग्रीन कोरीडोर रामेश्वरम-मनमदुरई का उद्घाटन किया है। उसी तर्ज पर मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि राजस्थान की राजधानी जयपुर से दिल्ली तक के रेलवे ट्रैक को ग्रीन कोरीडोर घोषित कर दिया जाए जिससे कि रेलवे और ट्रैक पर सुंदरता व स्वच्छता बनी रहेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।